रिकॉर्ड मतों से जीते सुरेंद्र

द्विवार्षिक चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के बाद नई कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 16 जुलाई. जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव के परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए. शांतिपूर्ण मतदान और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई मतगणना में अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने रिकॉर्ड मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया. परिणाम घोषित होते ही न्यायालय परिसर में समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई.

बुधवार को हुए मतदान के बाद गुरुवार सुबह 10 बजे से न्यायालय परिसर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस.एस. पटेल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश अग्रवाल की देखरेख में मतगणना शुरू हुई. पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई. इस दौरान न्यायाधीशों ने भी मतगणना स्थल का निरीक्षण किया. निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना पूरी होने के बाद विजयी प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा की. मतदाता सूची के अनुसार संघ में कुल 578 मतदाता थे, जिनमें से 481 वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 97 सदस्य मतदान में शामिल नहीं हो सके. मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतपेटियों को सील कर सुरक्षित रखा गया था. नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह राजपूत निर्वाचित हुए. उन्होंने नीरज कुमार पटेल, दिलीप सिंह ठाकुर और केशव सिंह चौहान को पराजित किया. सचिव पद पर अनुपम दुबे ने आशीष सिंह ठाकुर और मोहनलाल यादव के बीच हुए त्रिकोणीय मुकाबले में जीत दर्ज की. सह-सचिव पद पर सी.के. कुरापा ने राकेश शर्मा को हराया. महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद पर गुरप्रीत सिंह कौर ने प्रमिला शर्मा और शमशाद खान को पराजित कर जीत हासिल की. ग्रंथपाल पद पर सौरभ तिवारी पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे.

कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी गठित

सिवनी मालवा. पेंशनर अधिकारी/कर्मचारी महासंघ तहसील सिवनी मालवा की महत्वपूर्ण बैठक संभागीय अध्यक्ष के.एन. मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई. बैठक में महासंघ की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया. नई कार्यकारिणी के गठन के बाद उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया.

बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष के.एन. मिश्रा, संभागीय उपाध्यक्ष एन.पी. रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष के.के. मालवीय, प्रांतीय शाखा सदस्य श्रीमती नीलकमल उपाध्याय तथा तहसील अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने, पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करने और नई ऊर्जा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया.

विधायक से किसानों की रही वार्ता बेनतीजा

चक्काजाम के बाद सात दिवसीय किसान धरना समाप्त

सिवनी मालवा. मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी समेत विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का सात दिनों से चल रहा धरना गुरुवार को समाप्त हो गया. अंतिम दिन किसान विधायक प्रेमशंकर वर्मा के गृह ग्राम बघवाड़ा पहुंचे, जहां करीब एक घंटे चली वार्ता बेनतीजा रही.

इसके बाद किसानों ने सतवासा मोड़ पर नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर करीब 30 मिनट तक चक्काजाम कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. बाद में समझाइश के बाद जाम समाप्त कर दिया गया. धरना समाप्त करने से पहले किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रतीकात्मक पुतला फांसी के फंदे पर लटकाकर विरोध जताया. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुतले को अपने कब्जे में ले लिया. प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की.

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पटवारे ने कहा कि विधायक की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो 27 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास और मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा. वहीं विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि किसान केवल ज्ञापन देने आए थे और उनकी मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएंगी. संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राकेश गौर ने कहा कि धरना समाप्त हुआ है, लेकिन किसानों का आंदोलन जारी रहेगा. यदि मूंग खरीदी और अन्य मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो प्रदेशभर में आंदोलन और तेज किया जाएगा.

एक नजर में

अभियान में बीमारियों से बचाव का दिया संदेश

पिपरिया. जुलाई को 'डेंगू निरोधक माह' के रूप में मनाते हुए विकासखंड में स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया. खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने उप स्वास्थ्य केंद्रों और गांवों में लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के उपाय बताए, घरों में लार्वा नष्ट कराया और पंपलेट वितरित किए. बुखार से पीड़ित लोगों की मलेरिया जांच भी की गई. मलेरिया निरीक्षक आर.के. पटेल और मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर पुनीत शर्मा ने बारिश के मौसम में टायर, कूलर, गमले, टंकियों और अन्य स्थानों पर पानी जमा नहीं होने देने तथा हर चार दिन में पानी बदलने की अपील की, ताकि मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण रखा जा सके.

कांग्रेसियों ने निष्पक्ष जांच की मांग

इटारसी. नगर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और कांग्रेस नेताओं पर दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि कानून-व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो संगठन जनआंदोलन करेगा. नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने चाकूबाजी और मारपीट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की. पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर ने कांग्रेस नेताओं पर दर्ज प्रकरणों को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए स्वतंत्र जांच की मांग उठाई. ज्ञापन सौंपने के दौरान विजय बाबू चौधरी, गुफरान अंसारी, राजेंद्र सिंह तोमर, अशोक जैन, अमित कपरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

प्रभावी पुलिस कार्रवाई की उठी मांग

इटारसी. शहर में बीते 24 घंटे के दौरान हुई लगातार चाकूबाजी और हत्या की घटनाओं से नागरिकों में चिंता और आक्रोश का माहौल है. सरकारी अस्पताल के सामने पवन भदौरिया की हत्या के बाद मालवीयगंज और गरीबी लाइन अंडरब्रिज क्षेत्र में चाकूबाजी की दो अन्य घटनाएं सामने आने से कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं. पिछले एक सप्ताह में भी शहर में चाकूबाजी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं. पुलिस ने पवन भदौरिया हत्याकांड में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर त्वरित कार्रवाई की है, लेकिन नागरिकों का कहना है कि अपराधों पर स्थायी अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध रणनीति, लगातार गश्त और पर्याप्त संसाधनों के साथ सख्त कार्रवाई जरूरी है. लोगों का मानना है कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाकर ही शहर में सुरक्षा का भरोसा बहाल किया जा सकता है.

अवैध शराब और महुआ लाहन जब्त

इटारसी. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए इटारसी के नाला मोहल्ला और सूरजगंज क्षेत्र में दबिश दी. मंडल प्रभारी अधिकारी अभिलाष पाठक के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए गए. छापेमारी में टीम ने 35 पाव देशी मदिरा, 30 लीटर हाथ भट्टी शराब तथा 280 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया. जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 28,660 रुपये बताई गई है. कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक के.के. पडरिया, धर्मेंद्र बारंगे और राजेश गौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

रेडियो-कॉलर युक्त नर बाघ का रेस्क्यू

पिपरिया. सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के अंतर्गत रहवासी क्षेत्रों के आसपास लगातार विचरण कर रहे लगभग तीन वर्षीय रेडियो-कॉलर युक्त नर बाघ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे वन विहार भेजा जा रहा है. क्षेत्र संचालक आशीष खोबरागड़े ने बताया कि यह बाघ पिछले छह माह से नर्मदापुरम वनमंडल के आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास देखा जा रहा था. इसे 1 अप्रैल 2026 को रेस्क्यू कर कोर क्षेत्र में छोड़ा गया था, लेकिन बाद में यह फिर से रहवासी इलाके में पहुंच गया, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका बनी हुई थी. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) से अनुमति मिलने के बाद विशेष अभियान चलाकर बाघ का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया. अभियान में तकनीकी ट्रैकिंग, पांच हाथियों और वन विभाग की मैदानी टीमों का समन्वित प्रयास शामिल रहा. रेस्क्यू अभियान में एसटीआर के डॉ. गुरुदत्त शर्मा, डब्ल्यूसीटी के डॉ. प्रशांत देशमुख और डॉ. हमजा फारूकी की विशेष भूमिका रही.

परिवार नियोजन के प्रति किया जागरूक

इटारसी. विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 11 और 12 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 24 एवं 69, न्यास कॉलोनी झुग्गी क्षेत्र में 11 से 18 जुलाई तक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या नियंत्रण को लेकर वार्ड स्तर पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं.

अभियान के तहत अर्बन आशा कार्यकर्ता विनम लोवंशी ने आंगनवाड़ी केंद्र में 'चॉइस बास्केट' के माध्यम से परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों की जानकारी दी. हितग्राहियों को सही उम्र में गर्भधारण, विवाह के दो वर्ष बाद पहला बच्चा और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने के लाभ समझाए गए. साथ ही कंडोम, ओरल पिल्स, अंतरा इंजेक्शन सहित अन्य अस्थायी एवं स्थायी गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी देकर उनसे जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर किया गया. कार्यक्रम के दौरान परिवार कल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. वार्ड पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने अभियान में सहयोग करते हुए नागरिकों से जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहने और जिम्मेदार नागरिक के रूप में परिवार नियोजन को अपनाने की अपील की. अभियान को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ता विनम लोवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूजा गौर, आशा पारोची और अंजलि गोठे की सक्रिय भूमिका रही.

1.75 लाख के टायर - पिकअप जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

नर्मदापुरम. देहात थाना पुलिस ने बाबई रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप से सात हेवी टायर चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को वारदात के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.75 लाख रुपये कीमत के सात चोरी गए टायर तथा घटना में प्रयुक्त लगभग 6 लाख रुपये कीमत का महिंद्रा पिकअप वाहन भी जब्त किया है. पुलिस के अनुसार आनंद नगर निवासी फरियादी रजत सलूजा ने थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एचपी पेट्रोल पंप से सात हेवी टायर चोरी हो गए हैं. शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और एसडीओपी जितेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई.

मार्गों से अतिक्रमण हटाने सड़क पर उतरे नपा सीएमओ

दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी

नवभारत न्यूज़

पिपरिया. नगर के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज कर दिया है. नगर पालिका सीएमओ सतीश मालवीय अपनी टीम के साथ मुख्य बाजारों और सड़कों पर पहुंचे तथा मंगलवारा चौक, सांडिया रोड, सीमेंट रोड और मंगलवारा बाजार का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की.

अभियान के दौरान दुकानों के सामने अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की गई.

सीएमओ ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे नगर पालिका द्वारा निर्धारित सीमा (लक्ष्मण रेखा) के बाहर अपनी दुकान का सामान न फैलाएं. उन्होंने चेतावनी दी कि सड़क और फुटपाथ पर किया गया अतिक्रमण स्वयं हटा लें, अन्यथा नगर पालिका बलपूर्वक कार्रवाई करेगी. सीएमओ ने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा. इस दौरान आरआई रुपेश मौर्य, नीतेश पांडे, अरुण राजपूत, यासीन, ताहिर अली, अन्नू, राजीव करौसिया सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा.

मजदूर महासंघ मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पिपरिया. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मंडी गेट पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया. महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार नीरज बैस को सौंपते हुए भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को निरस्त करने, ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई. ज्ञापन में कहा गया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील किसानों के हितों के विरुद्ध साबित हो सकती है, क्योंकि विदेशी कृषि उत्पादों के आयात से किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलना कठिन हो जाएगा.

योजनाओं का लाभ मिले : बनोठ

नर्मदापुरम, 16 जुलाई . संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्य संस्कृति अपनाने और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

गुरुवार को आयुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए.

बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, खाद्य, पंचायत, श्रम, नगरीय विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा की गई. स्वास्थ्य विभाग को अनमोल पोर्टल पर पंजीयन बढ़ाने, पीएचई विभाग को नल-जल योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण के बाद ही हैंडओवर करने तथा श्रम विभाग को निर्माणाधीन भवनों के निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए.

किशोरियों ने जाना प्रशासन का कामकाज

शैक्षणिक भ्रमण से बढ़ी जागरूकता

सिवनी मालवा, 16 जुलाई . मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत सेक्टर खपरिया की किशोरी बालिकाओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया.

भ्रमण के दौरान बालिकाओं को पुलिस थाना, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, लोक सेवा केंद्र और आधार केंद्र का भ्रमण कराकर प्रशासनिक, राजस्व एवं नागरिक सेवाओं की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया. पुलिस थाने में महिला सुरक्षा कर्मी सोनाली चौधरी ने एफआईआर प्रक्रिया, महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराधों से बचाव और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी. तहसीलदार नितिन कुमार जोड़ ने राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी, जबकि नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ने करियर काउंसलिंग कर प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम में शौर्य दल और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही.

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ

बनखेड़ी. सांदीपनी टैगोर हायर सेकंडरी स्कूल, बनखेड़ी में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया. यह पखवाड़ा 15 जुलाई से 29 जुलाई तक 'गुरु का सम्मान - शिक्षा का अभियान' थीम पर मनाया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा.

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुई. इस अवसर पर प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु, प्राचार्य जेपी मेहर सहित स्टाफ उपस्थित रहा. गुरु वंदन, प्रेरणा संवाद, स्वच्छता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं सम्मान समारोह जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.

नपा अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

इटारसी. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए.

उन्होंने वार्ड क्रमांक 26 और 19 में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा कहा कि सभी विकास कार्य तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं. निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने नागरिकों से निर्माण कार्यों में सहयोग करने की अपील की, ताकि विकास कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूर्ण हो सकें. इसके बाद उन्होंने वार्ड क्रमांक 19 में प्रस्तावित विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण और सीमांकन किया. 50 मीटर नाली तथा सरस्वती स्कूल मुख्य मार्ग से बंडूं के मकान तक 90 मीटर सड़क निर्माण के प्रस्तावित कार्यों का मुआयना किया गया. इन कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया भी मौके पर पूरी की गई.

पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पिपरिया. ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में सक्षम सतत विकास सेवा समिति द्वारा संचालित 'प्रकृति संरक्षण एवं वसुधा श्रृंगार अभियान' के तहत 53वें पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने का संदेश दिया.

एकांतवास भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले महाप्रभु, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रहा शहर

जयघोषों के बीच निकली भव्य रथयात्रा

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 16 जुलाई. स्नान पूर्णिमा के बाद 15 दिनों के एकांतवास और ज्वर पीड़ा की परंपरा पूर्ण करने के पश्चात भगवान जगन्नाथ स्वामी गुरुवार को भक्तों के बीच आए.

बुधवार को दिव्य नेत्र दर्शन के बाद गुरुवार को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले. रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु उमड़े और पूरे शहर में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष, भजन-कीर्तन और शंखध्वनि से भक्तिमय वातावरण बन गया. सुबह जगदीश मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का विशेष पूजन-अर्चन किया गया. फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजे मंदिर में भगवान का भव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई. शाम करीब पांच बजे भगवान रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए. श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया. यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी.

धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान 15 दिनों तक एकांतवास में रहते हैं और इस अवधि में उन्हें ज्वर होने की परंपरा मानी जाती है. उपचार के बाद भगवान भक्तों को दर्शन देते हैं और रथयात्रा के माध्यम से नगर भ्रमण पर निकलते हैं. इसे भगवान के पुनः भक्तों के बीच आने का शुभ अवसर माना जाता है. मंदिर समिति के अनुसार भगवान एक सप्ताह तक प्रतिदिन विभिन्न मार्गों से नगर भ्रमण कर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे.

इधर, अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में विराजित भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भी पूरे वैभव और श्रद्धा के साथ निकाली गई.

फूलों से पटी सड़कें जयघोषों से गूंजा शहर

इटारसी. अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में विराजित भगवान जगन्नाथ महाप्रभु गुरुवार को भव्य रथयात्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले. प्रभु के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु सड़कों पर उमड़ पड़े और पूरे मार्ग में फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया. भीषण गर्मी भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी. ठाकुर राजा डॉ. आशुतोष शर्मा ने सुबह विधिवत पूजन-अर्चन के बाद भगवान को रथ पर विराजमान कराया. रथयात्रा रामजी बाबा समाधि स्थल से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शाम को गुंडीचा भवन (स्वयंवरम गार्डन) पहुंची, जहां भगवान को विधिवत विराजित किया गया. अब महाप्रभु 24 जुलाई तक यहीं भक्तों को दर्शन देंगे.

जयकारों से गूंजा सिवनी मालवा

सिवनी मालवा, 16 जुलाई . आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के अवसर पर गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई. विधिवत पूजन-अर्चन के बाद भगवान को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया. हजारों श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया और पूरे नगर में 'जय जगन्नाथ' के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा. नगर के प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों के बाहर भगवान की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की. बैंड-बाजों, भजनों और धार्मिक उत्साह के बीच श्रद्धालुओं को 'जगत पसारे हाथ, जगन्नाथ का भात' की भावना के साथ भात प्रसाद वितरित किया गया.

पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

माखन नगर, 16 जुलाई. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे 'नशा से है दूरी' अभियान के तहत गुरुवार को थाना माखन नगर पुलिस ने बस स्टैंड पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की.

पुलिस टीम ने लोगों को समझाया कि नशा समाज के लिए गंभीर सामाजिक बुराई है, जिससे युवाओं और परिवारों का भविष्य प्रभावित होता है. अभियान के माध्यम से सभी नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया गया. कार्यक्रम में नगर पालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहे.